Literacy for a Billion

Movie: Mera saya
Year:1966

Song: Aapke pahlu me aakar
Lyricist: Raja Mehdi Ali Khan

आपके पहलू में आकर रो दिए
आपके पहलू में आकर रो दिए
दास्तान-ए-ग़म सुना कर रो दिए
आपके पहलू में आकर रो दिए

ज़िंदगी ने कर दिया जब भी उदास
ज़िंदगी ने कर दिया जब भी उदास
आ गए घबरा के हम
मंजिल के पास सर झुकाया
सर झुकाकर रो दिए
आपके पहलू में आकर रो दिए

शाम जब आँसू बहाती आ गई
शाम जब आँसू बहाती आ गई
हर तरफ ग़म की उदासी छा गई
दीप यादों के जलाकर रो दिए
आपके पहलू में आकर रो दिए

ग़म जुदाई का सहा जाता नहीं
ग़म जुदाई का सहा जाता नहीं
आपके बिन अब रहा जाता नहीं
प्यार में क्या क्या गवाँकर रो दिए
दास्तान-ए-ग़म सुनाकर रो दिए
आप के पहलू में आकर रो दिए

Disclaimer: PlanetRead does not own these lyrics and is not using them for any commercial purpose. For over 20 years, PlanetRead has been subtitling Bollywood songs for mass literacy. These lyrics are being offered as part of PlanetRead's literacy development initiative.

PlanetRead is a tax-exempt, not-for-profit: 501(c) (3) in the United States and 80(G) in India.